प्रश्न पुस्तिका क्रमांक

12412778

| इस पुस्तिका में 24 पृष्ठ हैं। | BXV-24 |
|---|---|

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक ना खोलें जब तक कहा न जाए।
इस प्रश्न पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
**निर्देशों का अंग्रेजी संस्करण पिछले आवरण पृष्ठ पर उपलब्ध है।**

**निर्धारित समय : 120 मिनट** **अधिकतम अंक : 300**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक प्राप्त होने के उपरांत जब आपको निर्देशित किया जाए, तो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पार्ट-A में विवरण को **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से ही ध्यानपूर्वक भरें। जाँच कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं।
2. परीक्षा की अवधि **120** मिनट है तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की कुल संख्या **150** है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के **2** अंक हैं, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.5** अंक की कटौती की जाएगी।
3. प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उत्तर का निशान लगाने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का ही प्रयोग करें।
4. यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक क्रमांक व प्रश्न पुस्तिका क्रमांक एकसमान है।
5. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के पार्ट-A में दिए हुए निर्धारित स्थान पर बिंदु संख्या 1. परीक्षा केन्द्र कोड, 2. अनुक्रमांक तथा 4. प्रश्न पुस्तिका क्रमांक भरना तथा अंकित करना सुनिश्चित करें। ओ.एम.आर. के मूल्यांकन हेतु उपरोक्त का भरा जाना अनिवार्य है।
6. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के बिंदु संख्या 3 पर प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला कोड को पार्ट-A तथा पार्ट-B में भरे जाने की आवश्यकता नहीं है।
7. रफ (कच्चा) कार्य प्रश्न पुस्तिका में नियत खाली जगह पर ही करें।
8. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु व्हाइटनर/रबड़/ब्लेड का प्रयोग वर्जित है।
9. प्रश्न पुस्तिका पर पेपर सील लगी है। खोलने के तुरंत बाद, जाँच करके देख लें कि प्रश्न पुस्तिका में 24 पेज हैं। यह भी जाँच लें कि प्रश्न पुस्तिका में कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ नहीं है। यदि प्रश्न पुस्तिका या ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में कोई कमी हो, तो पहले 10 मिनट में ही कक्ष निरीक्षक को दिखाकर दूसरी प्रश्न पुस्तिका व ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों को बदलवा लें।
10. अभ्यर्थी किसी भी पृष्ठ/पृष्ठों को प्रश्न पुस्तिका से अलग नहीं करेगा। यदि कोई भी पृष्ठ उसकी प्रश्न पुस्तिका से अलग पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाही की जाएगी।
11. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से चयनित उत्तर के लिए ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर केवल एक गोले को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित किए जाने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
12. अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ।
13. प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल प्रश्न पुस्तिका/ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में कमी को छोड़कर) दूसरी प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक उपलब्ध नहीं कराए जाएँगे।
14. प्रश्न पुस्तिका में दिए गए प्रश्न पुस्तिका क्रमांक को अभ्यर्थी को सही तरीके से उपस्थिति पत्रक में भरना है। अभ्यर्थी द्वारा उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
15. माँगे जाने पर प्रत्येक अभ्यर्थी, कक्ष निरीक्षक को अपना प्रवेश पत्र दिखाएं।
16. केन्द्र व्यवस्थापक या कक्ष निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई अभ्यर्थी अपना स्थान न छोड़ें।
17. पेन्सिल, कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यन्त्र का परीक्षा कक्ष में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
18. प्रश्न पुस्तिका में सामान्य हिन्दी के अतिरिक्त सभी प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी में होंगे। हिन्दी व अंग्रेजी संस्करण में अंतर होने पर या हिन्दी संस्करण में कोई भी भ्रम की स्थिति होने पर प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण को देखें। अंग्रेजी संस्करण को ही प्रमाणित माना जाएगा।
19. अभ्यर्थी बोर्ड/कक्ष निरीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों से आबद्ध होगा। अभ्यर्थी के पास किसी भी प्रतिबंधित उपकरण पाए जाने पर अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने, छद्म प्रतिरूपण (Impersonation) करने, अनुशासनहीनता, दुर्व्यवहार एवं अवांछनीय कार्य करने पर उसके विरुद्ध अभ्यर्थन निरस्त करने, भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से प्रतिवारित (Debar) करने तथा वैधानिक कार्यवाही संस्थित करने की कार्यवाही की जाएगी।
20. परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की प्रतियों को बिना पृथक किए यथास्थिति में ही कक्ष निरीक्षक को लौटा दें। इसके बाद कक्ष निरीक्षक ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अलग करके अभ्यर्थी को देगा। अभ्यर्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति लेकर परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थी को प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।

अभ्यर्थी का नाम : Mahesh bind

अनुक्रमांक (अंकों और शब्दों में) : 4754746

परीक्षा केंद्र का कोड व नाम : 65012

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : Maheshbind कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर : [signature]



Scanned with CamScanner

1. ________ ट्रोजन वायरस कई सोलरविंड्स ओरियन प्लेटफॉर्मों पर डाला गया था।
(A) स्पाय (B) रूटकिट (C) सनबर्स्ट (D) रैंसम
________ Trojan virus was released on numerous SolarWinds Orion Platforms.
(A) Spy (B) Rootkit (C) SUNBURST (D) Ransom

2. पृथ्वी के प्रथम सुपर कॉन्टिनेंट (बड़े महाद्वीप) का क्या नाम है ?
(A) वाल्बारा (B) कोलंबिया (C) पैंजिया (D) गोंडवाना
What is the name of Earth's first super continent ?
(A) Vaalbara (B) Columbia (C) Pangea (D) Gondwana

3. कौन-सा संगठन दुनिया के सबसे ग़रीब विकासशील देशों को ऋण और अनुदान प्रदान करता है ?
(A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (B) संयुक्त राष्ट्र
(C) विश्व बैंक (D) विश्व व्यापार संगठन
Which organization provides loans and grants to the world's poorest developing countries ?
(A) International Monetary Fund (B) United Nations
(C) World Bank (D) World Trade Organization

4. वेदों में मानव अधिकार को निम्नलिखित अवधारणा से दर्शाया गया है :
(A) समानता (B) असमानता
(C) आर्थिक प्रणाली (D) अस्पृश्यता
In Vedas, human right is signified with the concept of :
(A) Equality (B) Inequality
(C) Economic system (D) Untouchability

5. हर वर्ष किस दिन को 'विश्व कला दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 15 अप्रैल (B) 16 अप्रैल (C) 14 अप्रैल (D) 13 अप्रैल
Which day is celebrated as 'World Art Day' every year ?
(A) $15^{th}$ April (B) $16^{th}$ April (C) $14^{th}$ April (D) $13^{th}$ April

6. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 मुख्य रूप से संबंधित है :
(A) नए राज्य के गठन की घोषणा से (B) सीजेआई की नियुक्ति की घोषणा से
(C) लोक सभा भंग करने की घोषणा से (D) राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा से
Article 352 of the Indian Constitution primarily deals with :
(A) Proclamation of the formation of a new state (B) Proclamation of appointment of CJI
(C) Proclamation of dissolution of the Lok Sabha (D) Proclamation of national emergency

7. महिलाओं और एससी/एसटी (SC/ST) समुदायों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया था ?
(A) स्टैंड-अप इंडिया (B) स्टार्ट इंडिया (C) स्किल इंडिया (D) डिजिटल इंडिया
Which programme was launched by the Indian Government to promote entrepreneurship among women and SC/ST communities ?
(A) Stand-Up India (B) Start India (C) Skill India (D) Digital India

8. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 में किसके द्वारा की गई थी ?
(A) कृष्णदेवराय (B) नरसिम्हा सलुवा
(C) हरिहर और बुक्का (D) देवराय प्रथम
The Vijayanagara Empire was founded in 1336 by :
(A) Krishnadevaraya (B) Narasimha Saluva
(C) Harihara and Bukka (D) Devaraya I

9. मेगा शहर वे शहर हैं जिनकी जनसंख्या ________ से अधिक है।
(A) 20 मिलियन (B) 15 मिलियन (C) 10 मिलियन (D) 5 मिलियन
Mega cities are the cities having a population more than ________.
(A) 20 million (B) 15 million (C) 10 million (D) 5 million



Scanned with CamScanner

10. किस भारतीय योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद न्यूनतम ₹ 3,000 प्रति माह पेंशन प्रदान करना है ?

(A) प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन
(B) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
(C) प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
(D) प्रधान मंत्री वय वंदना योजना

Which Indian scheme aims to provide a pension to unorganized workers, assuring a minimum pension of ₹ 3,000 per month after the age of 60 years ?

(A) Pradhan Mantri Shram Yogi Maandhan
(B) National Pension System
(C) Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana
(D) Pradhan Mantri Vaya Vandana Yojana

11. "द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया" श्रृंखला किसके द्वारा लिखी गई है ?

(A) जे.के. राउलिंग
(B) सी.एस. लुईस
(C) रोअल्ड डाहल
(D) जे.आर.आर. टोल्कीन

"The Chronicles of Narnia" series is written by whom ?

(A) J.K. Rowling
(B) C.S. Lewis
(C) Roald Dahl
(D) J.R.R. Tolkien

12. 'जन्म' या 'आप्रवासन' के माध्यम से जनसंख्या में प्रवेश करने वाले लोगों की संख्या का 'उत्प्रवास' या 'मृत्यु' से इसे छोड़ने वाले लोगों की संख्या के बराबर होने वाली स्थिति कहलाती है :

(A) ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि
(B) तेजी से जनसंख्या वृद्धि
(C) शून्य जनसंख्या वृद्धि
(D) धनात्मक जनसंख्या वृद्धि

The number of people entering a population through 'birth' or immigration' being equal to the number of people leaving it via 'emigration' or 'death' is called :

(A) Negative population growth
(B) Rapid population growth
(C) Zero population growth
(D) Positive population growth

13. भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) कार्यक्रम का उद्देश्य क्या है ?

(A) वित्तीय बाज़ारों का विनियमन करना
(B) सैन्य सहयोग बढ़ाना
(C) सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना
(D) तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण प्रदान करना

What is the purpose of the Indian Technical and Economic Cooperation (ITEC) programme ?

(A) Regulating financial markets
(B) Enhancing military cooperation
(C) Promoting cultural exchanges
(D) Providing technical assistance and training

14. भारत के GST मॉडल में संरचनाओं (स्ट्रक्चर्स) की संख्या है :

The number of structures in India's GST model is :

(A) 4
(B) 5
(C) 6
(D) 3

15. WTO के वर्तमान महानिदेशक कौन हैं ?

(A) क्लाउडिया गोल्डिन
(B) हर्नान्डो डी सोटो
(C) न्गोजी ओकोन्जो-इवेला
(D) एरिक बेटिंगर

Who is the current Director-General of WTO ?

(A) Claudia Goldin
(B) Hernando de Soto
(C) Ngozi Okonjo-Iweala
(D) Eric Bettinger

16. प्रसिद्ध उपन्यास 'द गॉडफादर' किसके द्वारा लिखा गया था ?

(A) मारिओ पुज़ो
(B) जॉन मिल्टन
(C) विक्टर ह्युगो
(D) हेरॉल्ड रॉबिन्स

The celebrated novel 'The Godfather' was authored by whom ?

(A) Mario Puzo
(B) John Milton
(C) Victor Hugo
(D) Harold Robbins

17. PAN का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) प्राइवेट अकाउन्ट नंबर (निजी खाता संख्या)
(B) पर्सनल अकाउन्ट नेम (व्यक्तिगत खाता नाम)
(C) परमानेंट अकाउन्ट नंबर (स्थायी खाता संख्या)
(D) पर्सनल अकाउन्ट नंबर (व्यक्तिगत खाता संख्या)

What is the full form of PAN ?

(A) Private Account Number
(B) Personal Account Name
(C) Permanent Account Number
(D) Personal Account Number



Apni Pathshala

Scanned with CamScanner

18. पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत है :
(A) सूर्य (B) महासागर की लहरें
(C) भू-तापीय ऊर्जा (D) परमाणु ऊर्जा
The primary source of energy for the Earth's climate system is :
(A) The Sun (B) Ocean currents
(C) Geothermal energy (D) Nuclear energy

19. भारत में वित्तीय आपातकाल घोषित करने का अधिकार किसके पास है ?
(A) राष्ट्रपति (B) संसद
(C) प्रधानमंत्री (D) वित्त मंत्री
Who has the authority to declare a financial emergency in India ?
(A) The President (B) The Parliament
(C) The Prime Minister (D) The Finance Minister

20. फेसबुक ग्राहक सबसे महत्त्वपूर्ण सोशल मीडिया मार्केटिंग टूल में से एक, ________ के माध्यम से विशेष ऑफर और ऑन-डिमांड प्रमोशन के बारे में पता लगा सकते हैं।
(A) पोस्ट प्लानर (B) चैटीपीपुल (C) अगोरापल्स (D) सोशलओम्फ
Facebook customers can find out about special offers and on-demand promotions via _______, one of the most important social media marketing tools.
(A) Post Planner (B) Chattypeople (C) Agorapulse (D) SocialOomph

21. निम्नलिखित में से कौन-सी बांग्लादेश की राजधानी है ?
(A) खुलना (B) राजशाही (C) ढाका (D) सिलहट
Which of the following is the capital of Bangladesh ?
(A) Khulna (B) Rajshahi (C) Dhaka (D) Sylhet

22. हर वर्ष किस दिन को 'अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण एवं अप्रसार जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 5 मार्च (B) 7 मार्च (C) 4 मार्च (D) 6 मार्च
Which day is observed as the 'International Disarmament and Non-Proliferation Awareness Day' every year ?
(A) 5th March (B) 7th March (C) 4th March (D) 6th March

23. हाल ही में, किस भारतीय हवाई अड्डे को यूनेस्को के 2023 प्रिक्स वर्सेल्स में मान्यता मिली ?
(A) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
(B) सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
(C) केंपेगौडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
(D) छत्रपती शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
Recently, which Indian airport received recognition at UNESCO's 2023 Prix Versailles ?
(A) Indira Gandhi International Airport
(B) Sardar Vallabhbhai Patel International Airport
(C) Kempegowda International Airport
(D) Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport

24. "ह्यूमन राइट्स एण्ड इनह्यूमन राँग्स" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(A) उपेंद्र बक्षी (B) सोली जे. सोराबजी
(C) वी.आर. कृष्ण अय्यर (D) चिरंजीवी निर्मल
Who is the author of the book "Human Rights and Inhuman Wrongs" ?
(A) Upendra Baxi (B) Soli J. Sorabjee
(C) V.R. Krishna Iyer (D) Chiranjivi Nirmal



Scanned with CamScanner

25. कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय समझौता ओज़ोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार अनेक पदार्थों के उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके ओज़ोन परत का संरक्षण करने पर केंद्रित है ?

(A) क्योटो प्रोटोकॉल
(B) जिनेवा कन्वेंशन
(C) पैरिस समझौता
(D) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

Which international agreement focuses on the protection of the ozone layer by phasing out the production of numerous substances responsible for ozone depletion ?

(A) Kyoto Protocol
(B) Geneva Convention
(C) Paris Agreement
(D) Montreal Protocol

26. दिल्ली का पहला सुल्तान कौन था ?

(A) इल्तुतमिश
(B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) कुतुबुद्दीन ऐबक
(D) बलबन

Who was the first Sultan of Delhi ?

(A) Iltutmish
(B) Alauddin Khilji
(C) Qutb-ud-din Aibak
(D) Balban

27. नाइट्रोजन की खोज किसने की ?

(A) बेंजामिन फ्रैंकलिन
(B) कार्ल बेन्ज़
(C) डैन्रियल रदरफोर्ड
(D) रिचर्ड गैटलिंग

Who discovered Nitrogen ?

(A) Benjamin Franklin
(B) Karl Benz
(C) Daniel Rutherford
(D) Richard Gatling

28. निम्नलिखित में से कौन-सा जीएसटी सामान्य पोर्टल है ?

Which of the following is the GST common portal ?

(A) www.gst.gov.in (B) www.gst.in (C) www.gst.com (D) www.gov.in

29. किस पर्वत को 'ब्लू माउंटेन' कहा जाता है ?

(A) नीलगिरि (B) माउंट एवरेस्ट (C) हिमालय (D) फ़ूजी पर्वत

Which mountain is called the 'Blue Mountain' ?

(A) Nilgiri (B) Mount Everest (C) The Himalayas (D) Mount Fuji

30. 'व्यापार घाटे' से क्या अभिप्राय है ?

(A) जब किसी देश के निर्यात उसके आयात से अधिक हो जाते हैं
(B) जब किसी देश में कोई व्यापार नहीं होता
(C) जब किसी देश के आयात उसके निर्यात से अधिक हो जाते हैं
(D) जब किसी देश का व्यापार संतुलित होता है

What is meant by a 'trade deficit' ?

(A) When a country's exports exceed its imports
(B) When a country has no trade at all
(C) When a country's imports exceed its exports
(D) When a country's trade is balanced

31. उत्तर प्रदेश (अन्य राज्यों सहित) में कुश्ती के पारंपरिक रूप का नाम बताइए, जिसमें कुश्तीबाज विशेष रूप से तैयार मिट्टी के गड्ढे में अभ्यास करते हैं जिसे अखाड़ा कहा जाता है।

(A) मलखंब (B) सिलंबम (C) कबड्डी (D) कुश्ती या पहलवानी

Name the traditional form of wrestling in Uttar Pradesh (including other States), which wrestlers practice in a specially prepared mud pit called an Akhada.

(A) Mallakhamb (B) Silambam (C) Kabaddi (D) Kushti or Pehalwani



Scanned with CamScanner

32. किस संस्था ने 'रेत और धूल तूफान : कृषि में शमन, अनुकूलन, नीति और जोखिम प्रबंधन उपायों के लिए एक गाइड' शीर्षक से रिपोर्ट जारी की ?
(A) यू.एन.ई.पी. (UNEP) (B) यूनेस्को (UNESCO) (C) एफ.ए.ओ. (FAO) (D) विश्व बैंक
Which institution released the report titled 'Sand and Dust Storms : A Guide to Mitigation, Adaptation, Policy and Risk Management Measures in Agriculture' ?
(A) UNEP (B) UNESCO (C) FAO (D) World Bank

33. पृथ्वी का एल्बिडो काफी हद तक किससे प्रभावित होता है ?
(A) वायुमंडलीय परत से (B) बादल छा जाने से (मेघाच्छादन)
(C) पृथ्वी की सतह की प्रकृति से (D) वायुमंडल में धूल के कणों से
Earth's Albedo is largely affected by the :
(A) Atmospheric layer (B) Cloudiness
(C) Nature of the Earth's surface (D) Dust particles in the atmosphere

34. डीएनए की संरचना किसके द्वारा खोजी गई थी ?
(A) रोजालिंड फ्रैंकलिन (B) जेम्स वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक
(C) ग्रेगर मेंडल (D) चार्ल्स डार्विन
The structure of DNA was discovered by whom ?
(A) Rosalind Franklin (B) James Watson and Francis Crick
(C) Gregor Mendel (D) Charles Darwin

35. किस बैंक ने भारत में विमुद्रीकरण का समर्थन किया ?
(A) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (B) बैंक ऑफ इंडिया
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक (D) भारतीय स्टेट बैंक
Which bank supported the demonetization in India ?
(A) Central Bank of India (B) Bank of India
(C) Reserve Bank of India (D) State Bank of India

36. निम्नलिखित में से किस साइबर अपराध में संवेदनशील जानकारी का खुलासा करने के लिए व्यक्तियों को धोखा देना शामिल है ?
(A) साइबरबुलिंग (B) मालवेयर
(C) हैकिंग (D) फ़िशिंग
Which of the following cybercrimes involves deceiving individuals into revealing sensitive information ?
(A) Cyberbullying (B) Malware
(C) Hacking (D) Phishing

37. साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय ________ थे।
(A) सी.वी. रमन (B) सरोजिनी नायडू
(C) मदर टेरेसा (D) रवींद्रनाथ टैगोर
The first Indian to receive the Nobel Prize in Literature was ________.
(A) C.V. Raman (B) Sarojini Naidu
(C) Mother Teresa (D) Rabindranath Tagore

38. जर्मनी की राजधानी कौन-सी है ?
(A) मैड्रिड (B) अबुजा (C) बर्लिन (D) कैनबरा
Which is the capital of Germany ?
(A) Madrid (B) Abuja (C) Berlin (D) Canberra



Apni Pathshala
Scanned with CamScanner

39. योग करने वाला एक व्यक्ति उत्तर की ओर मुँह करके शुरू करता है और फिर 90 डिग्री वामावर्त और उसके बाद 180 डिग्री वामावर्त मुड़ता है। अब उस व्यक्ति का मुँह किस दिशा की ओर है ?

(A) पूर्व (B) उत्तर (C) दक्षिण (D) पश्चिम

A person performing yoga starts facing North and then turns 90 degrees counterclockwise followed by another 180 degrees counterclockwise. What direction is the person facing now ?

(A) East (B) North (C) South (D) West

40. दिए गए प्रश्न में, :: चिह्न के बाईं ओर दो शब्द हैं, जो किसी तरह से जुड़े हुए हैं। तीसरे शब्द और उसके नीचे दिए चार विकल्पों में से एक के बीच भी यही संबंध बनता है। सही विकल्प ज्ञात कीजिए।

चीनी : मीठी :: नींबू : ?

(A) पीला (B) रस (C) खट्टा (D) फल

In the given question, there are two words to the left of the sign :: which are connected in some way. The same relationship obtains between the third word and one of the four alternatives under it. Find the correct alternative.

Sugar : Sweet :: Lemon : ?

(A) Yellow (B) Juice (C) Sour (D) Fruit

41. यदि 'A $ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'; 'A # B' का अर्थ है 'A, B की माँ है'; 'A × B' का अर्थ है 'A, B की बहन है', तो W # X × V $ U में W, U से कैसे संबंधित है ?

(A) दादी (B) माँ (C) दादा (D) सास

If 'A $ B' means 'A is the father of B'; 'A # B' means 'A is the mother of B'; 'A × B' means 'A is the sister of B', then how is W related to U in W # X × V $ U ?

(A) Grandmother (B) Mother (C) Grandfather (D) Mother-in-law

42. एक निश्चित कोड में, 48 का अर्थ "which school" है और 968 का अर्थ "college and school" है। स्कूल के लिए कोड क्या है ?

In a certain code, 48 means "which school" and 968 means "college and school". What is the code for school ?

(A) 4 (B) 6 (C) 8 (D) 9

43. निम्नलिखित श्रृंखला में ऐसे कितने 'S' हैं जो K के ठीक पहले और K के ठीक बाद आते हैं ?

How many 'S' are there in the following series that come immediately before K and immediately after K ?

S S K S K S R K S P O K S K S K S

(A) 3 (B) 2 (C) 4 (D) 5

44. 1. X # Y इंगित करता है कि X, Y की माँ है।
2. Y $ Z इंगित करता है कि Y, Z का भाई है।
3. Z * A इंगित करता है कि Z, A की बेटी है।

तो फिर परिवार का पिता कौन है ?

(A) A (B) Z (C) X (D) Y

1. X # Y indicates X is the mother of Y.
2. Y $ Z indicates Y is the brother of Z.
3. Z * A indicates Z is the daughter of A.

Then who is the father of the family ?


(A) A (B) Z (C) X (D) Y



Scanned with CamScanner

45. निम्नलिखित पाई-चार्ट एक पुस्तक के प्रकाशन में किए गए व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाता है। पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

*किसी पुस्तक के प्रकाशन में होने वाले विभिन्न व्यय (प्रतिशत में)*





यदि पुस्तकों की एक विशिष्ट मात्रा के लिए मुद्रण लागत ₹ 40,200 है, तो इन पुस्तकों के प्रचार पर कितना खर्च आएगा ?

(A) ₹ 21,000 (B) ₹ 22,800 (C) ₹ 20,100 (D) ₹ 22,500

The following pie-chart shows the percentage distribution of the expenditure incurred in publishing a book. Study the pie-chart and the answer the question based on it.

*Various Expenditures (in percentage) Incurred in Publishing a Book*




If the printing cost for a specific quantity of books amounts to ₹ 40,200, what will be the expenditure for promotion of these books ?

(A) ₹ 21,000 (B) ₹ 22,800 (C) ₹ 20,100 (D) ₹ 22,500

46. अपनी सामान्य चाल से $\frac{3}{4}$ भाग चलकर, अथिरा अपने कार्यालय पहुँचने में 15 मिनट देर से पहुँचती है। उसे अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में लगने वाला सामान्य समय कितना है ?

(A) 44 मिनट (B) 45 मिनट (C) 35 मिनट (D) 48 मिनट

Walking $\frac{3}{4}$th of her normal speed, Athira is 15 minutes late in reaching her office. What is the usual time taken by her to cover the distance between her home and office ?

(A) 44 minutes (B) 45 minutes (C) 35 minutes (D) 48 minutes

47. निम्नलिखित श्रृंखला में x और y का मान ज्ञात कीजिए :

Find the value of x and y in the following series :

U4, R8, O16, x, I64, F128, y


(A) K24, D345 (B) G32, E256 (C) L32, C256 (D) M32, B345



Apni Pathshala
Scanned with CamScanner

48. दिया गया पाई-चार्ट एक परिवार के घरेलू व्यय का प्रतिशत विभाजन दर्शाता है। यदि यह दिया गया है कि परिवार की कुल मासिक आय ₹ 32,500 है, तो भोजन और मनोरंजन पर संयुक्त रूप से खर्च की गई कुल मासिक राशि क्या है ?


*एक परिवार का घरेलू व्यय*




(A) ₹ 12,200 (B) ₹ 18,500 (C) ₹ 11,700 (D) ₹ 11,000

The pie chart provided shows the percentage breakdown of a family's domestic expenditure. If it is given that the family's total monthly income is ₹ 32,500, then what is the total monthly amount spent on food and entertainment combined ?

*Domestic Expenditure of a Family*




(A) ₹ 12,200 (B) ₹ 18,500 (C) ₹ 11,700 (D) ₹ 11,000

49. एक कार्यालय में, 30% कर्मचारी महिलाएँ हैं। 60% महिला कर्मचारी और 40% पुरुष कर्मचारी विवाहित हैं। कार्यालय में अविवाहित कर्मचारियों का प्रतिशत क्या है ?

In an office, 30% of the staff is female. 60% of the female staff and 40% of the male staff are married. The percentage of the unmarried staff in the office is

(A) 46% (B) 52% (C) 48% (D) 54%




Scanned with CamScanner

50. 11 सदस्यों वाली एक क्रिकेट टीम का कप्तान 29 वर्ष का है, और विकेट-कीपर कप्तान से चार वर्ष बड़ा है। यदि कप्तान और विकेट-कीपर की आयु को छोड़ दिया जाए, तो टीम के बाकी खिलाड़ियों की औसत आयु पूरी टीम की औसत आयु से दो वर्ष कम है। टीम की औसत आयु क्या है ?

(A) 23 वर्ष (B) 21 वर्ष (C) 22 वर्ष (D) 24 वर्ष

The captain of a cricket team of 11 members is 29 years old, and the wicket-keeper is four years older than the captain. If the ages of the captain and the wicket-keeper are excluded, the average age of the remaining players of the team is two years less than the average age of the whole team. What is the average age of the team ?

(A) 23 years (B) 21 years (C) 22 years (D) 24 years

51. असमान पद ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar term.

3X5, 4U3, 2R4, 3O2, 1M3.

(A) 3O2 (B) 2R4 (C) 4U3 (D) 1M3

52. असमान संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar number.

1, 3, 12, 60, 340.

(A) 340 (B) 3 (C) 12 (D) 60

53. निम्नलिखित में से कौन-सा लीप वर्ष नहीं है ?

Which among the following is not a leap year ?

(A) 2004 (B) 2024 (C) 2020 (D) 2014

54. उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर चलने वाला व्यक्ति अपना बायाँ हाथ किस दिशा में देखता है ?

(A) उत्तर-पश्चिम (B) उत्तर-पूर्व (C) दक्षिण-पूर्व (D) दक्षिण-पश्चिम

A person walking towards North-West direction sees his left hand in which direction ?

(A) North-West (B) North-East (C) South-East (D) South-West

55. श्रृंखला 9, 72, 243, 576, ____ पूरी कीजिए।

Complete the series 9, 72, 243, 576, ____.

(A) 1125 (B) 998 (C) 1250 (D) 876

56. यदि DEEP को 30, SEA को 25 के रूप में कोडित किया जाता है, तो RIVER को किस रूप में कोडित किया जाएगा ?

If DEEP is coded as 30, SEA as 25, then RIVER will be coded as

(A) 15 (B) 72 (C) 20 (D) 56

57. यदि '#' का अर्थ '×' है, तो 3#5 क्या है ?

If '#' stands for '×', what is 3#5 ?

(A) –2 (B) 2 (C) 15 (D) 8

58. यदि $a \sim b = a^2 + b$, $a \wedge b = b^2 + a$ है, तो $(3 \sim 6) \wedge 2$ ज्ञात कीजिए।

If $a \sim b = a^2 + b$, $a \wedge b = b^2 + a$, find $(3 \sim 6) \wedge 2$.

(A) 23 (B) 18 (C) 21 (D) 19

59. यदि आप 10 किमी दक्षिण की ओर चले हैं, फिर 90 डिग्री बाईं ओर मुड़े हैं और 6 किमी और चले हैं, तो अपने प्रारंभिक बिंदु के संबंध में आपकी अंतिम स्थिति क्या है ?

(A) 11.6 किमी प्रारंभिक बिंदु से (B) 9.6 किमी प्रारंभिक बिंदु से

(C) 10 किमी प्रारंभिक बिंदु से (D) 6 किमी प्रारंभिक बिंदु से

What is your final position in relation to your starting point if you have walked 10 km South, then turned 90 degrees to the left and walked another 6 km ?

(A) 11.6 km from starting point (B) 9.6 km from starting point

(C) 10 km from starting point (D) 6 km from starting point



Apni Pathshala

Scanned with CamScanner

60. एक सर्वेक्षण में, 60% लोगों ने विकल्प A को और 40% ने विकल्प B को पसंद किया। यदि कुल 500 उत्तरदाता थे, तो कितने लोगों ने विकल्प A को पसंद किया ?

In a survey, 60% of people preferred Option A and 40% preferred Option B. If there were a total of 500 respondents, how many of them preferred Option A ?

(A) 200 (B) 400 (C) 100 (D) 300

61. दी गई संख्या श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the given number series.

126, 112, 98, 84, 70, ____

(A) 63 (B) 56 (C) 53 (D) 64

62. दिए गए कथन और निष्कर्ष को पढ़िए और निर्णय लीजिए कि कौन-सा/से कथन मान्य है/हैं।

*कथन :* एक सेब व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

*निष्कर्ष :*

1. सेब किसी को स्वस्थ और फिट रखने का एक अच्छा तरीका है।
2. अंगूर सेब से बेहतर हैं।

(A) केवल निष्कर्ष 2 मान्य है (B) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 मान्य है

(C) केवल निष्कर्ष 1 मान्य है (D) दोनों निष्कर्ष मान्य हैं

Read the Statement and Conclusions given and decide which of the statement(s) is/are valid.

*Statement :* An apple is good for an individual's health.

*Conclusions :*

1. Apples are a good way to keep someone healthy and fit.
2. Grapes are better than apples.

(A) Only Conclusion 2 is valid (B) Neither Conclusion 1 nor 2 is valid

(C) Only Conclusion 1 is valid (D) Both the Conclusions are valid

63. दिए गए सादृश्य में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the missing number in the given analogy.

25 : 625 :: 35 : ____

(A) 865 (B) 1225 (C) 825 (D) 1115

64. यदि आप दक्षिण-पूर्व की ओर मुँह करके शुरू करते हैं और 225 डिग्री वामावर्त घूम जाएँ, तो इस समय आप किस दिशा में मुँह करके खड़े हैं ?

(A) दक्षिण-पूर्व (B) उत्तर-पूर्व (C) पूर्व (D) पश्चिम

What direction are you facing at the moment, if you start by facing south-east and turn around 225 degrees anti-clockwise ?

(A) South-east (B) North-east (C) East (D) West

65. वह विकल्प ज्ञात कीजिए जो प्रश्न चिह्न के स्थान पर आएगा।

Find out the alternative which will replace the question mark.

12 : 26 : : ? : 24

(A) 12 (B) 9 (C) 8 (D) 6

66. दी गई श्रृंखला में अगला अक्षर समूह ज्ञात कीजिए।

Find the next letter cluster in the given series.


DA, HE, NK, RO, XU, ____

(A) BY (B) AY (C) CY (D) XY



Scanned with CamScanner

67. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख कबूतर, पक्षी और कुत्ते के बीच के संबंध को सबसे अच्छे ढंग से दर्शाता है ?
Which of the following diagrams best illustrates the relationship between Pigeon, Bird and Dog ?

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

68. 40 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, 20 ने केवल जीव विज्ञान चुना है और 15 ने गणित चुना है, परंतु जीव विज्ञान नहीं। यह दिया गया है कि प्रत्येक विद्यार्थी ने या तो गणित, या जीव विज्ञान, या दोनों को चुना है। उन विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए जिन्होंने गणित और जीव विज्ञान दोनों को चुना।
In a class of 40 students, 20 have chosen only Biology and 15 have chosen Mathematics, but not Biology. Given that every student has chosen either Mathematics, or Biology, or both. Find the number of students who chose both Mathematics and Biology.

(A) 15 (B) 5 (C) 20 (D) 40

69. निर्धारित कीजिए कि दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द दिए गए शब्द PUNISHMENT के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता।
Determine which of the provided words cannot be formed using the letters of the given word PUNISHMENT.

(A) PAIN (B) SENT (C) PENT (D) PUSH

70. सादृश्य पूरा कीजिए :
इंजीनियर : ब्लूप्रिंट : : शेफ : ____

(A) सामग्री (B) रसोई (C) मेनू (D) रेसिपी

Complete the analogy :
Engineer : Blueprint : : Chef : ____

(A) Ingredients (B) Kitchen (C) Menu (D) Recipe

71. अगला अक्षर क्या होगा ?
What will be the next letter ?
E : H : : N : ?

(A) P (B) R (C) O (D) Q

72. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा अन्य से अलग है ?

(A) बिल्ली – म्याऊँ (B) गाय – मिमियाना
(C) कुत्ता – भौंकना (D) शेर – गर्जन

Which of the following pairs is different from the others ?

(A) Cat – Meow (B) Cow – Bleat
(C) Dog – Bark (D) Lion – Roar

73. "कंपनी का आकार घटाने का निर्णय विवेकपूर्ण था।" कंपनी के आकार घटाने के निर्णय के बारे में "विवेकपूर्ण" शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) समझदार (B) लापरवाह (C) अंधाधुंध (D) जल्दबाज

"The company's decision to downsize was prudent." What does the word "prudent" imply about the company's decision to downsize ?

(A) Wise (B) Careless (C) Reckless (D) Hasty



Apni Pathshala
Scanned with CamScanner


74. P और Q, S के बच्चे हैं। P का पिता कौन है ?
इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन (1) और (2) में से कौन-सा/से आवश्यक है/हैं ?
(1) R, P का भाई है और T का बेटा है।
(2) U, Q की माँ है।
(A) केवल (2) (B) (1) और (2) दोनों (C) केवल (1) (D) या तो (1) या (2)
P and Q are children of S. Who is the father of P ?
To answer this question which of the statements (1) and (2) is/are necessary ?
(1) R is the brother of P and the son of T.
(2) U is the mother of Q.
(A) Only (2) (B) (1) and (2) both (C) Only (1) (D) Either (1) or (2)

75. दिए गए शब्दों में तीसरे और छठे अक्षर तथा चौथे और नौवें अक्षर, साथ ही पाँचवें और दसवें अक्षर को बदलने के बाद, कौन-सी शृंखला इस पुनर्व्यवस्था पश्चात् एक सार्थक शब्द बनाएगी ?
I. HRETIAGVSN
II. FLNESAGOMI
III. EXSONHTIAU
(A) केवल II (B) केवल II, III (C) सभी I, II, III (D) केवल III
After exchanging the 3rd and 6th letters and the 4th and 9th letters, as well as the 5th and 10th letters in the given words, which series would result in a meaningful word after this rearrangement ?
I. HRETIAGVSN
II. FLNESAGOMI
III. EXSONHTIAU
(A) Only II (B) Only II, III (C) All I, II, III (D) Only III

76. सादृश्य पूरा कीजिए :
थर्मामीटर : तापमान :: ओडोमीटर : ?
(A) दाब (B) गति (C) वजन (D) दूरी
Complete the analogy :
Thermometer : Temperature :: Odometer : ?
(A) Pressure (B) Speed (C) Weight (D) Distance

77. असमान संख्याएँ ज्ञात कीजिए।
Find the dissimilar numbers.
(A) 9, 12 (B) 5, 20 (C) 15, 60 (D) 10, 15

78. निम्नलिखित आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।
Determine the number of triangles in the following figure.



(A) 13 (B) 7 (C) 16 (D) 9


79. दिए गए विकल्पों में से विषम (बेजोड़) को ज्ञात कीजिए।
(A) मार्च (B) जुलाई (C) जून (D) मई
Find the odd one from the given alternatives.
(A) March (B) July (C) June (D) May



Apni Pathshala
Scanned with CamScanner

80. आकृति I एक निश्चित पैटर्न में II से संबंधित है। उसी पैटर्न का अनुसरण करते हुए, आकृति III, IV से संबंधित है। पैटर्न का अध्ययन कीजिए और उस उत्तर आकृति का चयन कीजिए जिसे IV के स्थान पर रखा जाना चाहिए।


Figure I is related to II in a certain pattern. Following the same pattern, figure III is related to IV. Study the pattern and select the answer figure which should be placed in place of IV.





I II III IV


उत्तर आकृति :

Answer figures :

(A) 


(B) 

(C) 

(D) 

81. नीचे दिए गए चित्रों का अध्ययन कीजिए :


Study the figures given below :



?

नीचे दिए गए चित्रों में से वह चित्र चुनिए जो ऊपर दिए गए पैटर्न को जारी रखने के लिए सबसे उपयुक्त होगा।

From the figures given below, choose the figure that will be most suitable to continue the pattern given above.



I II III IV V

(A) V (B) II (C) III (D) I

82. 52 पत्तों की एक गड्डी से इक्का निकलने की प्रायिकता क्या है ?

What is the probability of drawing an ace from a pack of 52 cards ?

(A) $\frac{2}{25}$ (B) $\frac{1}{52}$

(C) $\frac{1}{13}$ (D) $\frac{3}{13}$




Scanned with CamScanner


83. दी गई श्रृंखला में अगली आकृति ज्ञात कीजिए।


Find the next figure in the given series.


दी गई श्रृंखला :


Given series :



(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

84. श्रृंखला में विषम (बेजोड़) को ज्ञात कीजिए।

Find the odd one out in the series.

A1, C9, E25, G49, I89

(A) C9 (B) E25 (C) I89 (D) G49

85. श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the series.

145, 155, 175, 205, 245, ?

(A) 285 (B) 300 (C) 295 (D) 290

86. दी गई आकृतियों में से, वे 3 आकृतियाँ ज्ञात कीजिए जो एक साथ फिट करने पर एक स्क्वायर (वर्ग) बनाती हैं।

Out of the given figures, find the 3 figures that will form a square, when fitted together.



I II III IV

(A) I, II, IV (B) II, III, IV

(C) I, III, IV (D) I, II, III

87. A, C का बेटा है; C और Q बहनें हैं; Z, Q की माँ है और P, Z का बेटा है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) P, A का मामा है। (B) C और P बहनें हैं।

(C) P और A चचेरे भाई (कज़िंस) हैं। (D) Q, A का नाना है।

A is the son of C; C and Q are sisters; Z is the mother of Q and P is the son of Z. Which of the following statements is true ?

(A) P is the maternal uncle of A. (B) C and P are sisters.

(C) P and A are cousins. (D) Q is the maternal grandfather of A.

88. एक महिला ने कहा, "यदि आप मेरी आयु के अंकों को उलट देते हैं, तो आपको मेरे पति की आयु मिल जाएगी। वह बड़े हैं, और उनकी आयु के बीच का अंतर उनके योगफल का ग्यारहवाँ हिस्सा है।" तो आदमी की आयु क्या है ?

(A) 45 वर्ष
(B) 63 वर्ष
(C) 36 वर्ष
(D) 54 वर्ष

A lady said, "If you reverse my age digits, you'll get my husband's age. He is older, and the difference between their ages is one-eleventh of their sum." What is the man's age ?

(A) 45 years
(B) 63 years
(C) 36 years
(D) 54 years

89. श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the series.

16, 10, 20, 14, 24, ____

(A) 18
(B) 12
(C) 28
(D) 16

90. उस शब्द का पता लगाइए जो सेट से संबंधित नहीं है।

(A) लेड (सीसा)
(B) टिन
(C) ताम्र
(D) इस्पात

Find the word that does not belong to the set.

(A) Lead
(B) Tin
(C) Copper
(D) Steel

91. एक बेलन (सिलिंडर) को उसकी अक्ष (एक्सिस) पर 60 डिग्री के कोण पर झुके हुए समतल (प्लेन) द्वारा प्रतिच्छेद किया जाता है। परिणामी अनुप्रस्थ-काट (क्रॉस-सेक्शन) का आकार क्या है ?

(A) परवलय (पैराबोला)
(B) सर्पिल (स्पाइरल)
(C) अतिपरवलय (हाइपरबोला)
(D) दीर्घवृत्त (एलिप्स)

A cylinder is intersected by a plane inclined at an angle of 60 degrees to its axis. What is the shape of the resulting cross-section ?

(A) Parabola
(B) Spiral
(C) Hyperbola
(D) Ellipse

92. एक सम्मेलन में, पाँच प्रतिभागी एक पंक्ति में बैठे हैं: एलन, बॉब, क्रिस, डेविड और एडवर्ड। एलन, क्रिस के बगल में नहीं है। बॉब, एलन और डेविड के बीच बैठा है। एलन एक छोर पर बैठा है। डेविड, एडवर्ड के बगल में नहीं है। बीच में कौन बैठा है ?

(A) बॉब
(B) एलन
(C) डेविड
(D) क्रिस

In a conference, five participants are seated in a row: Alan, Bob, Chris, David and Edward. Alan is not next to Chris. Bob is seated between Alan and David. Alan sits on one end. David is not next to Edward. Who is seated in the middle ?

(A) Bob
(B) Alan
(C) David
(D) Chris

93. यदि 'BEAR' को '25-22-26-9' के रूप में कोडित किया जाता है, तो 'TIGER' को कैसे कोडित किया जाएगा ?

If 'BEAR' is coded as '25-22-26-9', how will 'TIGER' be coded ?

(A) 7-9-11-4-17
(B) 8-9-12-5-17
(C) 9-10-13-6-17
(D) 7-18-20-22-9



Apni Pathshala
Scanned with CamScanner

**94.** कंप्यूटर शिक्षा केंद्र में संकाय सदस्यों के चयन के लिए शर्तों पर विचार कीजिए :

a. आयु 23 से 28 वर्ष के बीच।

b. कार्य अनुभव या प्रोग्रामिंग अनुभव।

c. कम-से-कम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर ऐप्लिकेशन में पोस्टग्रेजुएट डिग्री।

d. इंटरव्यू में 50 में से न्यूनतम 25 अंक।

e. यदि कैंडिडेट के पास PG नहीं है, तो मामला वरिष्ठ संकाय सदस्य को भेजा जाना चाहिए।

f. यदि उम्मीदवार के पास कार्य अनुभव नहीं है, तो मामले को संस्थान के प्रिंसिपल को भेजा जाना है।

g. यदि उम्मीदवार आयु सीमा को छोड़कर अन्य सभी योग्यताओं को पूरा करता है, तो मामला केंद्र के निदेशक को भेजा जाना है।

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर बबली सरकार के लिए कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए ?

बबली सरकार : 68% अंकों के साथ MCA। आयु 30 वर्ष। प्रोग्रामर के रूप में 2.5 वर्ष का अनुभव। इंटरव्यू में 40 अंक प्राप्त किए।

(A) उम्मीदवार को जूनियर संकाय सदस्य के रूप में चुना जाना है

(B) डेटा अपर्याप्त है

(C) मामला केंद्र के निदेशक को भेजा जाना है

(D) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है

Consider the conditions for selecting faculty members in a computer education centre :

a. Age between 23 to 28 years.

b. Work experience or programming experience.

c. Postgraduate degree in computer application with at least 60% marks.

d. Minimum of 25 marks in the interview out of 50.

e. If the candidate does not have PG, the case is to be referred to the senior faculty member.

f. If the candidate does not have work experience, the case is to be referred to Principal of the institute.

g. If the candidate satisfies all other qualifications except the age limit, the case is to be referred to the Director of the Centre.

Which course of action should be taken for Babli Sarkar based on the following information ?

Babli Sarkar : MCA with 68% marks. Age 30 years. 2.5 years of experience as a programmer. Obtained 40 marks in the interview.

(A) Candidate is to be selected as a junior faculty member

(B) Data is inadequate

(C) Case is to be referred to the Director of the Centre

(D) Candidate is not to be selected



Scanned with CamScanner

95. 'दशमुख' में कौन-सा समास है ?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) द्विगु (D) बहुव्रीहि

96. 'गुड़ गोबर कर देना' मुहावरे का उचित अर्थ बताइए :
(A) बना बनाया काम बिगाड़ देना
(B) कोई बखेड़ा खड़ा करना
(C) अपनी हानि करके भोज उड़ाना
(D) गायब कर देना

97. 'आम के आम गुठलियों के दाम' का अर्थ है :
(A) नकली वस्तु देना
(B) बहुत चतुर व्यापारी बनना
(C) मनमानी करना
(D) दोहरा लाभ होना

98. 'उत्थान' का विलोम शब्द क्या है ?
(A) पतन (B) अनुत्थान (C) प्रस्थान (D) विस्थापन

99. 'चलना, फिरना, दौड़ना' कैसी क्रिया है ?
(A) सहायक क्रिया (B) मुख्य क्रिया (C) सकर्मक क्रिया (D) अकर्मक क्रिया

*प्र. सं. 100 से 104 गद्यांश प्रश्न*

ईर्ष्या का काम जलाना है, मगर सबसे पहले वह उसी को जलाती है जिसके हृदय में उसका जन्म होता है। आप भी ऐसे बहुत से लोगों को जानते होंगे जो ईर्ष्या और द्वेष की साकार मूर्ति हैं, जो बराबर इस फिक्र में लगे रहते हैं कि कहाँ सुनने वाले मिलें कि अपने दिल का गुबार निकालने का मौका मिले। श्रोता मिलते ही उनका ग्रामोफोन बजने लगता है और वे बड़े ही होशियारी के साथ एक-एक काण्ड इस ढंग से सुनाते हैं, मानो विश्व कल्याण को छोड़कर उनका और कोई ध्येय नहीं हो। मगर, जरा उनके अपने इतिहास को भी देखिए और समझने की कोशिश कीजिए कि जबसे उन्होंने इस सुकर्म का आरंभ किया है, तबसे वे अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं या पीछे हटे हैं। यह भी कि, अगर वे निंदा करने में समय और शक्ति का अपव्यय नहीं करते तो आज उनका स्थान कहाँ होता।

100. 'अपव्यय' का क्या अर्थ होता है ?
(A) कम खर्च (B) फिजूल खर्च (C) खर्च (D) अधिक खर्च

101. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?
(A) निंदा (B) अपव्यय (C) ईर्ष्या (D) ईर्ष्या से लाभ

102. ईर्ष्या का काम है :
(A) जलाना (B) नचाना (C) रुलाना (D) हँसाना

103. गद्यांश में ईर्ष्यालु व्यक्तियों की :
(A) प्रशंसा की गई है।
(B) उपासना की गई है।
(C) खिल्ली उड़ाई गई है।
(D) स्तुति की गई है।

104. गद्यांश में प्रयुक्त 'ध्येय' का क्या अर्थ है ?
(A) इच्छा (B) मूल्य (C) लक्ष्य (D) आदर्श

105. 'करण कारक' किस वाक्य में है ?
(A) वह कलम से लिखता है।
(B) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।
(C) राम को फल दो।
(D) यह राम की पुस्तक है।

106. 'ओटना' और 'औटना' का अर्थ है :
(A) सोना और सुलाना
(B) तरफ और लौटना
(C) तरफ और तथा
(D) बिनौले अलग करना और खौलाना

107. निम्नलिखित में अव्यय है :
(A) श्याम (B) दक्षिण (C) भारत (D) आह



Scanned with CamScanner

108. 'आँसू' (काव्य) के रचनाकार हैं :

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) सुमित्रानंदन पंत
(D) जयशंकर प्रसाद

109. 'पीतांबर' में कौन-सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) बहुव्रीहि (C) द्विगु (D) कर्मधारय

110. निम्नलिखित में से (?) चिह्न कौन-सा है ?

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक (C) अल्प विराम (D) निर्देशक चिह्न

111. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद किए गए हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा भेद *ग़लत* है ?

(A) तद्भव (B) विदेशी (C) तत्सम (D) यौगिक

112. 'तुमड़ी के शब्द' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचनाकार को दिया गया ?

(A) दया प्रकाश सिन्हा (B) अमर कांत (C) बद्री नारायण (D) गोविन्द मिश्रा

113. निम्नलिखित शब्दों में से एक का अर्थ 'स्त्री' है :

(A) अंगना (B) अंगार (C) अंगजा (D) आँगन

114. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए :

(A) पिछले सोमवार को स्कूल बंद रहेगा।
(B) पिछले सोमवार को स्कूल बंद था।
(C) पिछले सोमवार को स्कूल बंद है।
(D) पिछले सोमवार को स्कूल बंद होना है।

115. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(A) भांडा फूटने पर उसकी गरदन लज्जा से नीचे हो गयी।
(B) भाषा के मानकीकरण के लिए व्याकरण जरूरी है।
(C) राम का दर्शन पा कर अहल्या धन्य हुई।
(D) इस चिकित्सालय में सर्वोत्कृष्ट रोगों की चिकित्सा उपलब्ध है।

116. 'वृक्ष' से पत्ते गिरते हैं – इस वाक्य में 'से' किस कारक का चिह्न है ?

(A) करण (B) अपादान (C) कर्म (D) अधिकरण

117. 'मैं वहाँ होकर आया हूँ।' वाक्य में अव्यय शब्द कौन-सा है ?

(A) वहाँ (B) हूँ (C) मैं (D) होकर

118. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा :
'जो कहा न जा सके'

(A) अकल्पनीय (B) नामुमकिन (C) अकथित (D) अकथ्य

119. क्रिया-विशेषण के प्रकार और उनके उदाहरण का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही *नहीं* है ?

(A) समयवाचक क्रिया-विशेषण – पीछे
(B) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण – सर्वत्र
(C) निश्चयबोधक क्रिया-विशेषण – बेशक
(D) स्थितिबोधक क्रिया-विशेषण – कहीं न कहीं

120. वीर रस का स्थायी भाव है :

(A) भय (B) उत्साह (C) क्रोध (D) विस्मय

121. 'शीत' का विलोम होगा :

(A) गीत (B) उष्ण (C) ठण्ड (D) कृष्ण

122. 'संभव है' यह वाक्य किस काल में है ?

(A) वर्तमान काल (B) सामान्य भूतकाल (C) पूर्ण भूतकाल (D) संभाव्य भविष्य



Scanned with CamScanner

123. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द है :
(A) महत्त्व (B) महत् (C) लाघव (D) लघुता

124. 'दैनंदिनी' का पर्याय निम्न में से होगा :
(A) दस्तूर (B) सारि (C) नियति (D) दैनिकी

125. 'सुहाग के नूपुर' के रचयिता हैं :
(A) मोहन राकेश (B) प्रेमचंद (C) निराला (D) अमृत लाल नागर

126. श्रुतिसम शब्द युग्म की भिन्न अर्थ वाली सही जोड़ी को पहचानिए :
(A) रात्रि – निशा (B) किरण – रश्मि (C) कुल – कूल (D) अभिलाषा – इच्छा

127. श्रृंगार रस का स्थायी भाव है :
(A) हास (B) शोक (C) प्रेम (D) उत्साह

128. 'महान' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा ?
(A) नेत्री (B) महोदया (C) महती (D) महान

129. 2013 में 'मिलजुल मन (उपन्यास)' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार किसे दिया गया ?
(A) रमेश चंद्र शाह (B) रामदरश मिश्र (C) चंद्रकांत देवताले (D) मृदुला गर्ग

130. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण महाप्राण का उदाहरण है ?
(A) द (B) भ (C) ञ (D) ल

131. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है ?
(A) आग (B) आँख (C) अग्र (D) आज

132. एक कारखाने में, 60% श्रमिक 30 वर्ष से अधिक आयु के हैं और इनमें से 75% पुरुष हैं और शेष महिलाएँ हैं । यदि 30 वर्ष से अधिक आयु के 135 पुरुष श्रमिक हैं, तो कारखाने में श्रमिकों की कुल संख्या कितनी है ?
In a factory, 60% of the workers are above 30 years and of these 75% are males and the rest are females. If there are 135 male workers above 30 years, the total number of workers in the factory is
(A) 200 (B) 150 (C) 300 (D) 180

133. एक सेब की कीमत में 20% की कमी एक व्यक्ति को ₹ 54 में 10 सेब अधिक खरीदने में सक्षम बनाती है। तो सेब की प्रति दर्जन घटी हुई कीमत क्या है ?
A 20% reduction in the price of an apple enables a man to buy 10 apples more for ₹ 54. Then what is the reduced price of apples per dozen ?
(A) ₹ 12.96 (B) ₹ 14.48 (C) ₹ 14.32 (D) ₹ 10.80

134. एक गिलास में, दूध और पानी को 3 : 5 के अनुपात में मिलाया जाता है और दूसरे गिलास में उन्हें 6 : 1 के अनुपात में मिलाया जाता है । दोनों गिलासों की सामग्री को एक साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि नए मिश्रण में दूध और पानी 1 : 1 के अनुपात में हों ?
In a glass, milk and water are mixed in the ratio of 3 : 5 and in another glass they are mixed in the ratio of 6 : 1. In what ratio should the contents of the two glasses be mixed together so that the new mixture contains milk and water in the ratio of 1 : 1 ?
(A) 8 : 3 (B) 25 : 9 (C) 20 : 7 (D) 27 : 4

135. 72 पुस्तकों का क्रय मूल्य 60 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर है। तो लाभ प्रतिशत क्या है ?
The cost price of 72 books is equal to the selling price of 60 books. What is the gain percent ?
(A) $16\frac{2}{3}$ % (B) $8\frac{1}{3}$ % (C) 20% (D) 18%



Scanned with CamScanner

136. यदि केले को ₹ 50 में 60 की दर से खरीदा जाता है और ₹ 60 में 50 की दर से बेचा जाता है, तो लाभ प्रतिशत क्या है ?
If bananas are bought at the rate of 60 for ₹ 50 and sold at the rate of 50 for ₹ 60, what is the profit percent ?
(A) 42% (B) 48% (C) 66% (D) 44%

137. 12, 18, 20, 25 का लघुतम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।
Find the LCM of 12, 18, 20, 25.
(A) 880 (B) 920 (C) 860 (D) 900

138. वह छोटी-से-छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसको जब 4, 6, 8, 10 और 12 से विभाजित किया जाता है, तो सभी स्थितियों में 3 शेष बचता है।
Find the least number which when divided by 4, 6, 8, 10 and 12 leaves the remainder 3 in all cases.
(A) 132 (B) 117 (C) 123 (D) 120

139. A एक निश्चित कार्य को 120 दिनों में कर सकता है। B, A से 60% अधिक कुशल है। तो उसी कार्य को करने के लिए B अकेले कितने दिन लेगा ?
(A) 80 दिन (B) 70 दिन (C) 75 दिन (D) 10 दिन
A can do a certain job in 120 days. B is 60% more efficient than A. To do the same job B alone would take how many days ?
(A) 80 days (B) 70 days (C) 75 days (D) 10 days

140. एक व्यक्ति 600 किमी की दूरी ट्रक द्वारा 80 किमी/घंटे की चाल से, 800 किमी हवाई जहाज द्वारा 400 किमी/घंटे की चाल से और 100 किमी मोटरसाइकिल द्वारा 50 किमी/घंटे की चाल से तय करता है। तो पूरी दूरी के लिए औसत चाल क्या है ?
(A) $130\frac{10}{23}$ किमी/घंटा (B) 62 किमी/घंटा (C) $65\frac{5}{123}$ किमी/घंटा (D) $60\frac{5}{13}$ किमी/घंटा
A person travels 600 km by truck at 80 km/h, 800 km by aeroplane at 400 km/hr and 100 km by motorcycle at 50 km/h. What is the average speed for the entire distance ?
(A) $130\frac{10}{23}$ km/hr (B) 62 km/hr (C) $65\frac{5}{123}$ km/hr (D) $60\frac{5}{13}$ km/hr

141. एक महिला ₹ 25,220 उधार लेती है और वह एक, दो और तीन वर्ष बाद तीन समान किस्तों में पैसे वापस कर देती है। यदि चक्रवृद्धि ब्याज की दर 5% है, तो प्रत्येक किस्त का मूल्य ज्ञात कीजिए।
A woman borrowed ₹ 25,220 and she returned the money in three equal instalments after one, two and three years. If the rate of compound interest is 5%, then find the value of each instalment.
(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 9,261 (C) ₹ 8,261 (D) ₹ 9,000

142. A किसी कार्य को पूरा करने में B की तुलना में 50% अधिक समय लेता है। यदि वे एक साथ काम को पूरा करने में 27 दिन लेते हैं, तो B अकेले को इसमें कितना समय लगेगा ?
(A) 35 दिन (B) 45 दिन (C) 30 दिन (D) 40 दिन
A takes 50% more time to complete a work than B. If together they take 27 days to complete the work, how much time shall B take to do it alone ?
(A) 35 days (B) 45 days (C) 30 days (D) 40 days

143. चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹ 3,000 की राशि दो वर्षों में ₹ 6,000 हो जाती है। तो चार वर्ष के लिए ब्याज कितना है ?
A sum of ₹ 3,000 amounts to ₹ 6,000 in two years at compound interest. The interest for four years is
(A) ₹ 12,000 (B) ₹ 3,000 (C) ₹ 9,000 (D) ₹ 6,000



Scanned with CamScanner

144. पुस्तक के अंकित मूल्य पर 12% की छूट देने के बाद, एक दुकानदार 21% का लाभ अर्जित करता है। यदि वह यह छूट नहीं देता है, तो वह कितना लाभ अर्जित करेगा ?

After giving a discount of 12% on the marked price of a book, a shopkeeper earns a profit of 21%. If he doesn't give this discount, then how much profit would he earn ?

(A) 25% (B) 31.5% (C) 40% (D) 37.5%

145. एक दुकानदार एक कैमरे के अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। यदि कैमरे का क्रय मूल्य ₹ 3,600 है, तो अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए ताकि दुकानदार 10% छूट देने के बाद 20% का लाभ अर्जित कर सके।

A shopkeeper allows a discount of 10% on the marked price of a camera. If the cost price of the camera is ₹ 3,600, find the marked price so that shopkeeper can earn a profit of 20%, after allowing 10% discount.

(A) ₹ 3,650 (B) ₹ 5,700 (C) ₹ 4,800 (D) ₹ 4,750

146. A, B और C ने एक साझेदारी में प्रवेश किया और उनका निवेश अनुपात 5 : 4 : 3 था। 4 महीने के बाद, B ने ₹ 1,000 अतिरिक्त निवेश किए और 8 महीने के बाद, C ने ₹ 2,000 अतिरिक्त निवेश किए। यदि एक वर्ष के अंत में, लाभ अनुपात 15 : 14 : 11 था, तो शुरुआत में C का निवेश ज्ञात कीजिए।

A, B and C entered into a partnership, and their investment ratio was 5 : 4 : 3. After 4 months, B invested ₹ 1,000 more and after 8 months, C invested ₹ 2,000 more. At the end of one year, if the profit ratio was 15 : 14 : 11, then find the investment of C at the beginning.

(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 7,500 (C) ₹ 3,000 (D) ₹ 4,500

147. एक साझेदारी में, X पूँजी का $\frac{1}{6}$ हिस्सा $\frac{1}{6}$ समय के लिए निवेश करता है, Y $\frac{1}{3}$ पूँजी $\frac{1}{3}$ समय के लिए निवेश करता है और Z पूरे समय के लिए शेष पूँजी निवेश करता है। यदि वर्ष के अंत में अर्जित लाभ ₹ 23,000 है, तो Y का हिस्सा क्या होगा ?

In a partnership, X invests $\frac{1}{6}$th of the capital for $\frac{1}{6}$th of the time, Y invests $\frac{1}{3}$rd of the capital for $\frac{1}{3}$rd time and Z invests the remaining capital for the whole time. If at the end of the year the profit earned is ₹ 23,000, then what will be Y's share ?

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 4,000 (C) ₹ 5,500 (D) ₹ 6,000

148. यदि a, b, c, d, e पाँच क्रमागत विषम संख्याएँ हैं, तो उनका औसत क्या है ?

If a, b, c, d, e are five consecutive odd numbers, then their average is

(A) $\frac{abcde}{5}$ (B) a + 4 (C) 6(a + 4) (D) 9(a + b + c + d + e)

149. तीन संख्याओं में से, दूसरी पहली की दुगुनी और तीसरी की तिगुनी है। यदि तीनों संख्याओं का औसत 44 है, तो सबसे बड़ी संख्या क्या है ?

Of the three numbers, the second is twice the first and thrice the third. If the average of the three numbers is 44, the largest number is

(A) 72 (B) 108 (C) 24 (D) 36

150. दूध और पानी के 2025 लीटर मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 12 : 13 है। तो 12 : 15 के अनुपात में दूध और पानी युक्त एक नया मिश्रण प्राप्त करने के लिए कितनी मात्रा में पानी मिलाए जाने की आवश्यकता है ?

(A) 162 लीटर (B) 150 लीटर (C) 160 लीटर (D) 156 लीटर

In a 2025 litre mixture of milk and water, the ratio of milk to water is 12 : 13. To get a new mixture containing milk and water in the ratio of 12 : 15, the amount of water to be added is

(A) 162 litres (B) 150 litres (C) 160 litres (D) 156 litres



Scanned with CamScanner